# MODEL TEST PAPER

## CLASS - X

## HINDI

### आदर्श प्रश्न पत्र-टर्म-2

**Time : 3 hrs** **M.M. : 50**

- **परीक्षार्थी यथा सम्भव अपने शब्दों में उत्तर दें।**
- **प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके समाने दिए गए हैं:-**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उनका सख्ती से अनुपालन करे।**

1. प्रश्न पत्र चार खण्डों मे विभिाजित किया गया है-क, ख, ग एवं घ। सभी प्रश्न
अनिवार्य हैं।
2. खण्ड क अपठित गद्यांश पर आधारित बहु वैकल्पिक प्रश्न हैं।
3. खण्ड ख पठति गद्यांश व पठित काव्यांश पर आधारित बहु वैकल्पिक प्रश्न।
4. खण्ड ग व्याकरण (निबन्ध, पत्र, संवाद-प्रतिवेदन सूचना, व्यावहारिक व्याकरण)
5. खण्ड घ पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रश्न हैं।
6. यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
7. उत्तर संक्षिप्त व क्रमिक होने चाहिए।

### खण्ड-क ( अपठित गद्यांश )

1. **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपर्वूक पढ़कर पूछे गए बहु विकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **5x1=5**

"सच्चा उत्साह वही होता है जो मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरणा देता है। मनुष्य किसी भी कारणवश जब किसी के कष्ट को दूर करने का संकल्प करता है तब जिस सुख को वह अनुभव करता है, वह सुख विशेष रूप से प्रेरणा देने वाला होता है। जिस भी कार्य को करने के लिए मनुष्य में कष्ट, दु:ख या हानि को सहन करने की ताकत आती है, उन सबसे उत्पन्न आनंद ही उत्साह कहलाता है। उदाहरण के लिए दान देने वाला व्यक्ति निश्चय ही अपने भीतर एक विशेष साहस रखता है और वह है धन-त्याग का साहस। यही त्याग यदि मनुष्य प्रसन्नता के साथ करता है तो उसे उत्साह से किया गया दान कहा जाएगा। उत्साह आनंद और साहस का मिला जुला रूप हैं। उत्साह में किसी न किसी वस्तु पर ध्यान अवश्य केन्द्रित होता है। वह चाहे कर्म पर, चाहे कर्म के फल पर और चाहे व्यक्ति या वस्तु पर हो। इन्हीं के आधार पर कर्म करने में आनंद मिलता है। कर्मभावना से उत्पन्न आनंद का अनुभव केवल सच्चे वीर ही कर सकते हैं क्योंकि उनमें साहस की अधिकता होती है। सामान्य व्यक्ति कार्य पूरा हो जाने पर जिस आनंद का अनुभव करता है, सच्चावीर कार्य प्रारंभ होने पर ही उसका अनुभव कर लेता है। आलस्य उत्साह का सबसे बड़ा शत्रु है। जो व्यक्ति आलस्य से भरा होगा, उसमें काम करने के प्रति उत्साह कभी उत्पन्न नहीं हो सकता। उत्साह व्यक्ति असफल होने पर भी कार्य करता रहता है। उत्साही व्यक्ति सदा दृढ़ निश्चय होता है।"

1. उत्साह का प्रमुख लक्षण है।

(क) जोश (ख) साहस

(ग) आनंद (घ) आनंद और जोश

2. सच्चे वीर वे होते हैं।

(क) जो फल पाने के लिए उत्साह दिखाते हैं

(ख) जो कर्मभाव से उत्साह दिखाते हैं

(ग) जो निष्काम भाव से उत्साह दिखाते हैं

(घ) जो आनंद विनोद के लिए उत्साह दिखाते हैं

Downloaded from cclchapter.com

3. उत्साह के मार्ग में सबसे बड़ी रूकावट है।

(क) दु:ख (ख) निराशा

(ग) वैराग्य (घ) आलस्य

4. 'सच्चा उत्साह वही होता है जो मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरणा देता है।' उपवाक्य का प्रकार है।

(क) प्रधान उपवाक्य (ख) क्रिया विशेषण उपवाक्य

(ग) विशेषण उपवाक्य (घ) संज्ञा उपवाक्य

5. केन्द्रित और अधिकता में क्रमश: प्रत्यय इस प्रकार हैं:-

(क) द्रित, ता (ख) इत, आ

(ग) इत, ता (घ) ईत, ता

**खण्ड-ख ( पठित गद्यांश व काव्यांश )**

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपर्वूक पढ़कर पूछे गए बहु विकल्पीय प्रश्नों के उत्तर चुन करके लिखें:- 5x1=5**

अमीरूद्दीन का जन्म डुमराँव, बिहार के एक संगीत प्रेमी परिवार में हुआ है। 5-6 वर्ष डुमराँव में बिताकर वह नाना के घर ननिहाल काशी में आ गया है। डुमराँव का इतिहास में कोई स्थान बनता हो, ऐसा नहीं लगा कभी भी। पर यह जरूर है कि शहनाई और डुमराँव एक दूसरे के लिए उपयोगी हैं। शहनाई बजाने के लिए रीड का प्रयोग होता है। रीड अन्दर से पोली होती है जिसके सहारे शहनाई को फूँका जाता है। रीड, नरकट (एक प्रकार की घास) से बनाई जाती है जो डुमराँव में मुख्यत: सोन नदी के किनारे पर पाई जाती है। इतनी ही महता है इस समय डुमराँव की जिसके कारण शहनाई जैसा वाद्य बजता है। फिर अमीरूद्दीन जो हम सबके प्रिय हैं, अपने उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ साहब हैं। उनका जन्म स्थान भी डुमराँव ही है। इनके परदादा सलार हुसैन खाँ डुमराँव निवासी थे। बिस्मिल्ला खाँ उस्ताद पैगम्बर बख़्श खाँ और मिठुन के छोटे साहबजादे हैं।

1. नाबत में इबादत पाठ से लिए इस गद्यांश के लेखक का नाम है:-

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी (ख) मन्नू भण्डारी

(ग) यतीन्द्र मिश्र

(घ) आनंद भंदत कौसल्यायन

2. बिस्मिल्ला खाँ का बचपन का नाम था?

(क) अजरूद्दीन (ख) शम्सुद्दीन

(ग) अमीरूद्दीन (घ) सादिक हुसैन

3. अमीरूद्दीन का जन्म किस राज्य में हुआ था?

(क) पंजाब (ख) बिहार

(ग) राजस्थान (घ) महाराष्ट्र

4. अमीरूद्दीन के परदादा का नाम था?

(क) सादिक हुसैन खाँ (ख) सलार हुसैन खाँ

(ग) मुहम्मद हुसैन (घ) अलीबख्श साहब

5. शहनाई को बजाने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है?

(क) पाइप का (ख) सरकंडे का

(ग) रीड का (घ) जल का

**अथवा**

बड़े शोक की बात है, आजकल भी ऐसे लोग विद्यमान है जो स्त्रियों को पढ़ाना उनके और गृह सुख के नाश का कारण समझते हैं। और लोग भी ऐसे वैसे नहीं, सुशिक्षित लोग ऐसे लोग जिन्होंने बड़े-बड़े स्कूलों और शायद कॉलेजों में भी शिक्षा पाई है, जो धर्म-शास्त्र और संस्कृत के ग्रन्थ साहित्य से परिचय रखते हैं, और जिनका पेशा कुशिक्षितों को सुशिक्षित

Downloaded from cclchapter.com

करना, कुमार्गगामियों को सुमार्गगामी बनाना और अधार्मिकों को धर्मतत्व समझाना है।

1. स्त्रीशिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खण्डन पाठ के लेखक हैं।

(क) मन्नू भण्डारी (ख) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ग) हजारी प्रसादी द्विवेदी (घ) यतीन्द्र मिश्र

2. प्रस्तुत गद्यांश में लेखक ने किन लोगों पर व्यंग्य किया है?

(क) स्त्रीशिक्षा के समर्थकों का

(ख) इतिहास के जानकारों का

(ग) समाज विरोधियों पर

(घ) स्त्री शिक्षा के विरोधियों पर

3. आजकल स्त्रियों को पढ़ाना उनके गृह सुख के नाश का कारण मानना कैसी बात है?

(क) बड़े गर्व की (ख) बड़े दु:ख की

(ग) बड़े शोक की (घ) बड़ी चिन्ता की

4. 'संस्कृत' शब्द में कौन सा उपसर्ग प्रयुक्त है?

(क) सुं+कृत (ख) संस्+कृत

(ग) सम्+कृत (घ) संस्कार+कृत

5. लेखक स्त्री शिक्षा का है।

(क) विरोधी (ख) पक्षघर

(ग) प्रतिद्वन्द्वी (घ) असमर्थक

**3. काव्यांश पर आधारित बहुवैकिल्पक प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से चुन कर लिखिए।**

कितना प्रामाणिक था उसका दु:ख
लड़की को दान में देते वक्त
जैसे वही उसकी अन्तिम पूंजी हो
लड़की अभी सयानी नहीं थी
अभी इतनी भोली सरल थी
कि उसे सुख का आभास तो होता था
लेकिन दु:ख बाँचना नहीं आता था
पाठिका थी वह धुन्धले प्रकाश की
कुछ तुकों और कुछ लयबद्ध पंक्तियों की

1. प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से उद्वत है:-

(क) संगतकार (ख) कन्यादान

(ग) दन्तुरित मुस्कान (घ) इनमें से कोई नहीं

2. प्रस्तुत काव्यांश की कविता के कवि का नाम है:-

(क) मंगलेश डबराल (ख) ऋतुराज

(ग) नागार्जुन (घ) गिरिजा कुमारमाथुर

3. कवि ने किस के दु:ख को प्रामाणिक बताया है?

(क) बेटी का दु:ख (ख) माँ का दु:ख

(ग) पिता का दु:ख

(घ) इनमें कोई भी विकल्प सही नहीं है

4. 'बाँचना' शब्द का अर्थ है:-

(क) बाँधना (ख) पढ़ना

(ग) गाना (घ) खाना

5. 'लड़की अभी सयानी नहीं थी-इस पंक्ति का अर्थ है:-

(क) लड़की अभी भोली-भाली मासूम थी

(ख) लड़की अभी पढ़ी लिखी नहीं थी

Downloaded from cclchapter.com

(ग) उसे लोक व्यवहार का ज्ञान नहीं था

(घ) तीनों विकल्पों में से सही अर्थ देने वाला एक विकल्प चुने।

**अथवा**

तुम्हारी यह दन्तुरित मुस्कान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ............
छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण,
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण
छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल
बाँस था कि बबूल?

1. किसकी मुस्कान मृतक में भी जान डाल देती है?

(क) नन्हें शिशु की (ख) शिशु की माँ की

(ग) शिशु के पिता की (घ) इनमें से कोई नहीं

2. कवि शिशु के स्पर्श से पाषाण का पिघलना कहकर क्या स्पष्ट करना चाहता है।

(क) शिशु की मुस्कान देखकर उसके स्पर्शमात्र से ही व्यक्ति को गुस्सा आ जाता है।

(ख) शिशु की मुस्कान देखकर वह उसके स्पर्शमात्र से खुश हो जाता है।

(ग) शिशु की मुस्कान देखकर व उसके स्पर्शमात्र से पत्थर दिल इन्सान भी भावुक हो जाता है।

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

3. शेफालिका है-

(क) एक लता का नाम (ख) एक पौधे का नाम

(ग) एक लड़की का नाम (घ) एक बाँस रूपी पेड़

4. दन्तुरित मुस्कान से आप क्या समझते हो?

(क) शिशु की मुस्कुराहट

(ख) शिशु का रूदन

(ग) नए-नए दान्त निकालते हुए शिशु की मुस्कुराहट

(घ) शिशु का रूठना

5. दन्तुरित मुस्कान कविता के कवि हैं:-

(क) गिरिजा कुमार माथुर (ख) नागार्जुन

(ग) जयशंकर प्रसाद (घ) राजेश जोशी

## खण्ड-ग (व्याकरण)

**4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर 200-250 शब्दों में निबन्ध लिखें:-** **5**

(क) दैनिक जीवन में समाचार पत्र का महत्व **:** भूमिका, जनप्रतिनिधि, समाज व शासन सुधार, व्यापार, मनोरंजन व ज्ञान वृद्धि, उपसंहार।

(ख) शिक्षा में खेल कूद का महत्व **:** भूमिका, खेलों का प्रकार, कार्यक्षमता में वृद्धि, सहयोग की भावना, साहस एवं आत्मविश्वास, उपसंहार।

(ग) दूरदर्शन की उपयोगिता **:** भूमिका, सिद्धांत, प्रचलन, उपयोग, हानियां, उपसंहार।

(घ) कम्प्यूटर आज की आवश्यकता **:** भूमिका, कम्प्यूटर का आविष्कार, कम्प्यूटर के लाभ, कम्प्यूटर का प्रयोग, उपसंहार।

5. अपने प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक जी को छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए। 4

Downloaded from cclchapter.com

**अथवा**

बोर्ड परीक्षा में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

6. कोरोना काल में हुई ऑनलाइन पढ़ाई के बारे में दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद शैली में लगभग 50 शब्दों में लिखें। 3

**अथवा**

विद्यालय में विश्व पर्यावरण मनाए जाने के बारे में एक सूचना लगभग 50 शब्दों में तैयार करें।

7. **निम्नलिखित बहुवैकिल्पक प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखें:-5x1=5**

1. 'कर्मवाच्य' का वाक्य छाँटे:-

(क) मोहन सोया है (ख) घोड़ा दौड़ा

(ग) राधा के द्वारा खाना खाया गया (घ) मैं उठ नहीं सकता

2. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद हैं:-

(क) 3 (ख) 8

(ग) 5 (घ) दो

3. वह घर आया और उसने भोजन किया। (रचना के आधार पर वाक्य है)

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) संज्ञा उपवाक्य

4. बिना अव्यय वाला वाक्य छाँट कर लिखें।

(क) शेखर घर चला गया है क्योंकि उसके सिर में दर्द है

(ख) वाह! क्या सुन्दर दृश्य है।

(ग) मैं बिल्कुल थक गया हूँ।

(घ) भिक्षुक को शिक्षा दे दो।

5. क्रिया का प्रकार बताएँ : माँ नौकरानी से बच्चे को दूध पिलवाती है:-

(क) अकर्मक क्रिया (ख) सकर्मक क्रिया

(ग) प्रेरणार्थक क्रिया (घ) द्विकर्मक क्रिया

**खण्ड-घ (पाठ्य पुस्तकों से)**

8. **निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें:- 2+2+2=6**

1. एक कहानी यह भी आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है?

2. तब की शिक्षा प्रणाली और अब की शिक्षा प्रणाली में क्या अन्तर है?

3. शहनाई को दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है?

4. वास्तविक अर्थों में संस्कृत व्यक्ति किसे कहा जा सकता है?

5. लेखक की दृष्टि में सभ्यता और संस्कृति की सही समझ अब तक क्यों नहीं अपनाई?

9. **कविताओं पर आधारित निम्न में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें:-**

1. संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन-किन क्षेत्रो में दिखाई देते हैं?

2. माँ के बेटी अन्तिम पूंजी क्यों लग रही थी?

3. मृगतृष्णा किसे कहते हैं, 'छायामत छूना' कविता में इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है?

4. कवि के अनुसार फसल क्या है?

5. माँ ने बेटी को क्या क्या सीख दी? **2+2+2=6**

Downloaded from cclchapter.com

10. **पूरक पुस्तक कृतिका के पाठों पर आधारित प्रश्नों में से चार में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें:-**

1. गन्तोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा गया?
2. दुलारी का टुन्नू से पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ?
3. एक संवेदन शील युवा नागरिक की हैसियत से विज्ञान का दुरूपयोग रोकने में आपकी क्या भूमिका है?
4. प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है?
5. लेखक ने आपने आप को हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया? **2+2+2=6**

Downloaded from cclchapter.com